मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-173
28/02/2023

# देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के 60वाँ निर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 28 फरवरी 2023 :– भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की 60वाँ निर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें राष्ट्र ने शत्–शत् नमन किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

पटना में देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की 60वाँ निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह महाप्रयाण घाट (बांस घाट) स्थित उनके समाधि के निकट आयोजित की गई, जहॉ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प–चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समाधि की परिक्रमा कर उन्हें नमन भी किया। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की ओर से बिहार के राज्यपाल के परिसहाय, उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की ओर से जिलाधिकारी पटना, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आयुक्त पटना प्रमण्डल, राज्यपाल की ओर से राज्यपाल के परिसहाय ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प–चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत्–शत् नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बिहार सैन्य पुलिस द्वारा शोक सलामी दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर तमाम उपस्थित लोगों ने देशरत्न को याद किया एवं उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।

******